2017

HINDI

(Major)

Paper : 6.4

(Prayojanmulak Hindi Evam Anuvad)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) पत्रकारिता किसे कहा जाता है?

(ख) राजभाषा का क्या तात्पर्य है?

(ग) राजभाषा और सामान्य हिन्दी में निहित एक अन्तर लिखिए।

(घ) पारिभाषिक शब्दावली को परिभाषित कीजिए।

(ङ) अनुवाद किसे कहते हैं?

(च) संविधान के किस अनुच्छेद में भारतीय संविधान की स्वीकृत 22 भाषाओं से शब्द और शैली लेकर हिन्दी को समृद्ध करने का प्रावधान रखा गया है?

(छ) साहित्यिक हिन्दी और प्रयोजनमूलक हिन्दी में निहित एक साम्य लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) साहित्यिक हिन्दी की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) पत्रकारिता के प्रिंट माध्यम के समाचार-पत्रों के अलग-अलग पृष्ठों की भाषाओं में क्यों अंतर दिखाई पड़ता है? कोई दो कारण दीजिए।

(ग) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के (i) और (ii) में निहित पाठ क्या-क्या हैं?

(घ) अनुवाद की दो उपयोगिताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) अनुस्मारक **अथवा** कार्यालय-आदेश की एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(ख) टिप्पण की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

अथवा

अपने कॉलेज की वार्षिकी के कार्यक्रमों के वैशिष्ट्यों का उल्लेख करते हुए किसी प्रेस के लिए एक प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

Ad hoc ; balance ; bylaw ; consumer ; director ; excise ; file ; gazette ; illegal ; journal ; liberty ; marksheet ; office copy ; organiser ; payment ; quota.

(घ) निम्नलिखित गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए :

किसी राष्ट्र अथवा जाति में संजीवनी शक्ति भरने वाला साहित्य ही है। इसलिए यह सर्वतोभावेन संरक्षणीय है। सब कुछ खोकर यदि हम उसे बचाये रहेंगे तो फिर इसी के द्वारा हम सब कुछ पा भी सकते हैं। इसे खोकर यदि बहुत कुछ पा भी लेंगे, तो फिर इसे कभी पा न सकेंगे। कारण, यह हमारे पूर्वजों का चिर-संचित ज्ञान वैभव ही साहित्य है। अन्यान्य लौकिक वैभव नश्वर हैं। यह अविनाशी है। इसलिए इसका जो पल्ला पकड़े रहेगा, वह भी अमर रहेगा।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद हिन्दी में कीजिए :

As I walks down the street, a worker is cleaning the sidewalk. He glances at me, smiles and wishes me a good afternoon. I wish him back, warmly.

An electrician visits my house. He is here to fix a faulty switch. We make small talk. He says, he is working since five in the morning. I get him a glass of juice. He thanks me and talks about his daughter who is of the same age as mine.

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) 'अच्छा अनुवाद' से आप क्या समझते हैं? अच्छे अनुवाद करते समय अनुवादक को किन बातों पर विशेष ध्यान देना अपेक्षित है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्रयोजनमूलक हिन्दी के अभिप्राय क्या-क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विज्ञापनों की भाषा (हिन्दी) के स्वरूपों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

गश्ती पत्र क्या है? इसकी एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(ग) हिन्दी के साथ-साथ राजभाषा के विकास में भारतीय संविधान में रखा गया अनुच्छेदीय प्रावधान 351 महत्त्वपूर्ण है। सतर्क उत्तर दीजिए।

अथवा

राजभाषा नियम, 1976 के नियमों को स्पष्ट कीजिए।

★★★